सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या– 307
13/04/2017

मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को बैसाखी की शुभकामना दी

पटना, 13 अप्रैल 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बैसाखी की शुभकामना राज्यवासियों को दी और कामना किया कि यह त्योहार किसानों में नया जोश एवं उमंग लायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बैसाखी का पर्व किसानों के जीवन में उमंग और उल्लास का संदेश देता है। फसल तैयार होने पर खुशी व्यक्त करने वाला यह पर्व देश के विभिन्न भागों में विविध लोक पर्वों के रूप में मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर्व पर हमें समाज में समरसता तथा पारस्परिक सौहार्द्र बढ़ाने और समर्पण की भावना से सेवा का संकल्प लेना चाहिए।

******